# ऊँचे ऊँचे पर्वत पे | By Priyamvada Tiwari

ऊँचे ऊँचे पर्वत पर भोले शम्भू का डेरा
काल बिगाड़ेगा क्या उसका नाम जपे जो तेरा
बोलो ॐ नमः शिवाय शम्भू ॐ नमः शिवाय

सबको राह दिखाते शंकर सबको हैं अपनाते
चाहे राम हो या रावण हो शम्भू सबको भाते
माथे पे हैं चंद्र बिराजे कंठ में सर्प का डेरा
काल बिगाड़ेगा क्या उसका नाम जपे जो तेरा
बोलो ॐ नमः शिवाय शम्भू ॐ नमः शिवाय

बारह ज्योतिर्लिंगों की है महिमा सबसे न्यारी
बारह महीने दर्शन करते दुनिया के नर नारी
मन मंदिर में ओम ही गूंजे ओम का अद्भुत फेरा
काल बिगाड़ेगा क्या उसका नाम जपे जो तेरा
बोलो ॐ नमः शिवाय शम्भू ॐ नमः शिवाय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%8a%e0%a4%81%e0%a4%9a%e0%a5%87-%e0%a4%8a%e0%a4%81%e0%a4%9a%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%a4-%e0%a4%aa%e0%a5%87-by-priyamvada-tiwari/